कार्यालय कुलसचिव

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर-२०८००२(उत्तर प्रदेश)

पत्रांकः सीएसएयू/आर– 2036 /2024   दिनांकः अक्टूबर 14 2024

अधिसूचना

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0 ई–7443/03–जी0एस0/2019 (टीसी) दिनांक 26.11.2020 द्वारा निर्देशित चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) अध्यादेश गाईड लाइन (मानक निर्देश) को मा0 विद्वत परिषद की 183 वीं बैठक के मद सं0 183:16 में अनुमोदनोपरान्त विश्वविद्यालय के छात्रों के हित में पूर्वव्यापी तिथि से लागू किया जाता है। गाइड लाइन के अनुसार चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) निम्नवत् हैः–

चुनौती मूल्यांकन
(Challenged Evaluation)

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) दो चरणों में होगाः–

1. मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचारित प्रति (Scanned Copy) देखने की सुविधा।
2. मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन से असंतुष्ट होने पर पुर्नमूल्यांकन हेतु आवेदन करने की सुविधा।

आवेदन अवधिः–

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 (तीस) दिन के अन्दर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

चुनौती मूल्यांकन के प्रथम चरण का शुल्कः–

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के प्रथम चरण के लिए सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रू0 300/– (रू0 तीन सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

उत्तर पुस्तिकाऐं उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध मेंः–

1. आवेदन के उपरान्त परिक्षार्थी को मूल्यांकित मूल उत्तर पुस्तिका की संचारित प्रति (Scanned Copy) अवलोकन हेतु आनलाइन उपलब्ध करायी जा सकती है।
2. परीक्षार्थी द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त और मूल्यांकन से असतुंष्ट होने पर चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के दूसरे चरण के लिए आवेदन कर सकते है।

आवेदन अवधिः–

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के दूसरे चरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 45 (पैतालिस) दिन के अन्दर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

चुनौती मूल्यांकन के द्वितीय चरण का शुल्कः–

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के द्वितीय चरण के लिए सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रू0 2500/– (रू0 दो हजार पॉच सौ मात्र) प्रति प्रश्नपंत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

चुनौती मूल्यांकन के प्राप्तांक सम्बन्धी गाइड लाइनः–

1. नामित विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा नियमानुसार प्रदत्त प्राप्तांक अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंक पत्र में देया होगा, चाहें वह मूल प्राप्तांकों से कम हो अथवा अधिक।
2. चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में यदि मूल प्राप्तांक के 20 प्रतिशत या उससे कम का अन्तर होता हो तो जमा शुल्क वापस नही किया जायेगा।
3. चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) से यदि परीक्षार्थी के प्राप्तांक में से 20 प्रतिशत से अधिक बृद्धि होती हो तो रू0 1000/– कटौती करके शेष धनराशि वापस कर दी जायेगी।
4. चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में प्राप्त अंकों में 20 प्रतिशत से अधिक बदलाव होने की स्थिति में मूल मूल्यांकनकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु परीक्षा समिति के द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

नोटः–

चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) हेतु आनलाइन आवेदन ई–मेल (registrar@csauk.ac.in) पर तथा आवेदन शुल्क भारतीय स्टेट बैंक, सीएसए यूनिवर्सिटी शाखा कानपुर में संचालित फीस खाता सं0 **35469457125** में जमा करेंगें।

(पी0 के0 उपाध्याय)
कुलसचिव

पत्रांकः सीएसएयू/आर– 2036 /2024 तद् दिनांक। 14/10/24

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठातागण /समस्त विभागाध्यक्ष
2. सहायक कुलसचिव
3. प्रभारी, एकेएमयू, च0शे0आजाद कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कानपुर को इस आश्य से कि उपरोक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. समस्त पटल सहायक, कुलसचिव कार्यालय।
5. कुलपति के तकनीकी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
6. समस्त सूचना पट
7. गार्ड फाइल।

(पी0 के0 उपाध्याय)
कुलसचिव

Saty.Challenged Evaluation